खेलों में छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- यूटीयू का तीन दिवसीय एनुअल एथलेटिक्स एंड टैक्नो कल्चरल फेस्टिवल हुआ शुरु

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का तीन दिवसीय यूटीयू एनुअल एथलेटिक्स एंड टेक्नो कल्चरल फेस्टिवल (कौथिग-2024) का मंगलवार को विश्वविद्यालय के खेल परिसर में शुभारंभ हुआ। विभिन्न प्रतियोगिता में छात्रों ने दमखम दिखाया।

कौथिग का उद्घाटन सत्र में विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय विगत वर्ष से एकैडमिक माहौल के अतिरिक्त इस तरह की खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य पढ़ाई से इतर भी छात्रों को सकारात्मक प्रतिस्पद्धा की चेतना जगाना है।

छात्र-छात्राओं की टीमों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं हुई। 100 व 200 मीटर दौड़ और गोला फेंक में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

दौड़ में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

गोला फेंक में श्री देवभूमि इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी की टीम विजेता, जेबीआईटी इंजीनियरिंग कालेज की टीम द्वितीय और गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी घुडदौड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में जीआरडी इंस्टीट्यूट प्रथम व महिला प्रौद्योगिकी संस्थान द्वितीय रही। टैक्नीकल क्विज में तुलाज इंस्टीट्यूट विजेता व श्री देवभूमि इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी द्वितीय और आईटी गोपेश्वर की टीम तीसरे स्थान पर रही। यूनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग में गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी घुडदौड़ी प्रथम व आईआईटी रुड़की दूसरे स्थान पर रही। कौथिग के दूसरे सत्र में शाम को सांस्कृतिक संध्या में पांडवाज बैंड के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।